卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 194 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦21 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## ट्रक में जा घुसी कार, महिला की मौत, सात घायल

### वाहन को कटर से काटकर निकाला महिला का शव, अन्य हादसे में खाई में गिरने से एक की मौत

टिहरी (उद संवाददाता)। पर्वतीय मार्गों पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार सुबह टिहरी गढ़वाल के कौड़ियाला क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे ने हर किसी को दहला दिया। यहां एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े सरिया लदे ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। इस हृदयविदारक हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हुए हैं। वहीं, एक अन्य घटना में मोरी क्षेत्र में पांव फिसलने से गहरी खाई में गिरकर हिमाचल के एक व्यक्ति की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह लगभग 08:05 बजे चौकी व्यासी





के माध्यम से एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली कि कौड़ियाला क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हुआ है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर दृश्य बेहद खौफनाक था; एक भारी ट्रक, जो सरियों से लदा हुआ था, सड़क किनारे खड़ा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सीधे ट्रक के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और ट्रक में लदे लोहे के सरिए कार को चीरते हुए भीतर तक घुस गए। कार में चालक सहित कुल 8 लोग सवार थे, जिनमें 5 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल थे। इस भीषण टक्कर में धूमा देवी (55 वर्ष), पत्नी स्व. दिलवर सिंह, निवासी ग्राम पुजारगांव, टिहरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला का शव क्षतिग्रस्त वाहन के मलबे और सरियों के बीच बुरी तरह फंस गया था। एसडीआरएफ (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा नेता की कार से कुचलकर हत्या का प्रयास

देहरादून (उद संवाददाता)। पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर शाम भाजपा के एक युवा नेता की कार चढ़ाकर हत्या करने और फिर अपहरण का प्रयास करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी तहरीर में नयागांव चंद्रबनी निवासी 26 वर्षीय हर्ष वालिया ने बताया कि वह भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष हैं। हर्ष के अनुसार बीते दिनों क्लेमनटाउन थाने में एक मामले को लेकर उनकी कुछ युवकों से कहासुनी हुई थी, जहां उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। आरोप है कि 20 अप्रैल की शाम करीब चार से साढ़े चार बजे के बीच जब वह गौतम कुंड के पास एक कैफे से लौट रहे थे, तभी पीछे से आई एक आई 20 कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हर्ष सड़क पर गिर गए और उनकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान एक मकान की दीवार भी टूट गई।पीड़ित का आरोप है कि टक्कर मारने के बाद कार से उतरे आरोपियों ने उनके सिर पर पिस्टल तान दी। इसी बीच दूसरी कार से आए अन्य युवक उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाकर ले जाने का प्रयास करने लगे। हर्ष ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे। खुद को घिरता देख आरोपी उनके साथ मारपीट करने लगे और (शेष पृष्ठ सात पर)

## अमेरिका भेजने के नाम पर युवक से 14 लाख की ठगी

नानकमत्ता। थाना क्षेत्र के ग्राम खेमपुर निवासी एक किसान परिवार के साथ विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने डीआईजी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस उप महानिदेशक उत्तराखंड, देहरादून को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत देते हुए कहा था कि उनके पुत्र लवप्रीत सिंह की मुलाकात अमृतसर स्थित गुरुद्वारे में दैवेन्द्र सिंह पुत्र सुरजीत सिंह, निवासी बडाला कला जिला कपूरथला (पंजाब) से हुई थी। आरोपी ने खुद को लोगों को विदेश भेजने वाला एजेंट बताते हुए अमेरिका में अच्छी नौकरी और मोटी सैलरी का लालच दिया। उसके झांसे में आकर लवप्रीत सिंह ने अपने पिता को पूरी बात बताई। सुरेन्द्र सिंह का आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी से बात की तो उसने उनके पुत्र को अमेरिका भेजने के नाम पर करीब 25 लाख रुपये खर्च बताकर किस्तों में पैसे जमा कराने शुरू कर दिए। शुरुआत में फाइल तैयार करने के नाम पर 1.45 लाख रुपये लिए गए और इसके बाद अलग-अलग तिथियों में ऑनलाइन व नकद माध्यम से लगातार रकम वसूली जाती रही। पीड़ित (शेष पृष्ठ सात पर)

## उद्यमी अनूप अग्रवाल, पत्नी व बेटों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

### स्टोन क्रेशर में पार्टनरशिप के नाम पर 3 करोड़ 50 लाख हड़पने का आरोप

काशीपुर । कोतवाली पुलिस ने उद्यमी अनूप अग्रवाल, उनके दोनों बेटों और पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का एक और मुकदमा दर्ज किया है। लखविन्दर सिंह पुत्र दलीप सिह निवासीगण महादेव नगर ढकिया कलाँ ने अपर पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बतायाकि वर्ष 2016-17 में अनूप अग्रवाल पुत्र स्व० श्री केशव शरण अग्रवाल, अमोल अग्रवाल व अभिषेक पुत्रगण अनूप अग्रवाल निवासीगण रोजडेल कलोनी, अलीगंज रोड काशीपुर ने स्टोन क्रेशर लगाने का प्रस्ताव दिया। कहा कि लगभग छः एकड़ जमीन जो कि उसके नाम ग्राम ढकियाकलाँ तहसील काशीपुर के चक सख्या 236 के खसरा नम्बर 35/5 मिन रकवाई 0.488 है०, चक सख्या 236 के खसरा नम्बर 35/"5 मिन रकवाई 0.729 है०, वह स्टोन क्रेशर के लिए प्रर्याप्त है। यह भी कहा कि स्टोन क्रेशर में उसकी हिस्सेदारी 36 प्रतिशत की रहेगी। जमीन रेनू अग्रवाल पत्नी श्री अनूप अग्रवाल के नाम बैनामा करना पडेगा और उस जमीन का पैसा जो कि लगभग 3,50,00,000 रूपये वह विपक्षीगण द्वारा शिकायतकर्ता को दिया जाएगा आरोप है कि पिता पुत्रों ने कपट पूर्ण तरीके से उक्त जमीन का बैनामा रेनू अग्रवाल पत्नी अनूप अग्रवाल के नाम धौखे से करा ली। इसके बाद सभी अभियुक्तों द्वारा आपस में हम साज होकर उक्त जमीन (शेष पृष्ठ सात पर)

## बहन की शादी का झांसा देकर किसान से ढाई लाख की ठगी

सितारगंज (उद संवाददाता)। अपनी बहन की शादी का हवाला देकर एक किसान से ढाई लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पीड़ित किसान ने आरोपी को सितारगंज में दिखाई देने पर खुद ही दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अब पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।पुलिस को दी (शेष पृष्ठ सात पर)

## किसानों की समस्याओं को लेकर कलक्ट्रेट में गरजे कांग्रेसी

रूद्रपुर। किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं और सरकार की बेरुखी के खिलाफ मंगलवार को किसान कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में हुंकार भरी। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरजिंदर सिंह लाडी और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में भारी संख्या में जुटे कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र अपर जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी ने सरकार पर तीखा प्रहार



करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार पूरी तरह से गूंगी-बेहरी हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की जायज मांगों और उनकी समस्याओं की निरंतर अनदेखी की जा रही है, जिसके कारण आज प्रदेश का किसान गहरे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। लाडी ने कटाक्ष (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरी की तीन बाईकों सहित ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

हल्द्वानी। रामनगर व हल्द्वानी पुलिस ने बाइक चोरी की अलग अलग घटनाओं का खुलासा करते हुए चोरी की तीन मोटर साइकिलों सहित छह ऑटो लिफ्टरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसएसपी के निर्देश पर ऑपरेशन प्रहार के तहत ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। रामनगर कोतवाली पुलिस ने चोरी की 3 मोटरसाइकिल बरामद कर 06 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। 17 अप्रैल को सौम्य प्रकाश विद्यार्थी निवासी छोई, रामनगर द्वारा अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूके 04 एल 0614 चोरी होने की रपट दर्ज कराई गई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए सुशील कुमार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना स्तर पुलिस टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी की मोटर साइकिल को चोरपानी क्षेत्र से बरामद कर 1 मोटर साइकिल बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता मयंक चौधरी पुत्र संजय चौधरी निवासी छोई, रामनगर, (शेष पृष्ठ सात पर)





## 'मंत्री पद' मिलने के बाद भी 'बेघर' हैं उत्तराखंड के 'नए मंत्री'

### शपथ के एक माह बाद भी नए मंत्रियों को नहीं मिल सकी कोठियां, अपने निजी या अस्थाई ठिकानों से ही चला रहे हैं मंत्रालय का कामकाज

-अर्श-

देहरादून। भाजपा विधायक खजानदास, राम सिंह कैड़ा, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और भरत चौधरी चार साल के लंबे इंतजार के बाद सूबे के कैबिनेट मंत्री तो बन गए ,लेकिन मंत्रियों को मिलने वाली आवास सुविधा हासिल करने का उनका इंतजार अभी भी खत्म नहीं हुआ है। कहने की जरूरत नहीं की राज्य के मंत्रिमंडल में जगह बनाने के बाद प्राय: हर मंत्री की पहली ख्वाहिश होती है कि राजधानी की बेहद प्रतिष्ठा पूर्ण यमुना कॉलोनी में ही उसे आवास आर्वंटित हो ,लेकिन दुर्भाग्य से उत्तराखंड के नए मंत्रियों कि यह ख्वाहिश फिलहाल पूरी होती नजर नहीं आती। वह इसलिए, क्योंकि राजधानी की यमुना कॉलोनी में मंत्रियों को आवंटित किए जाने वाले घरों की हालत बेहद जर्जर है और उन्हें किसी मंत्री के रहने योग्य बनाने की कवायद युद्ध स्तर पर जारी है। लिहाजा, सभी नए मंत्री अभी तक अपने निजी या अस्थायी ठिकानों से ही अपने अपने मंत्रालय का कामकाज चला रहे हैं। हालांकि राजधानी की यमुना कॉलोनी स्थित सबसे चर्चित और वीआईपी मानी जाने वाली कोठी आर-2 पर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा की नेम प्लेट लगा दी गई है



,लेकिन वह अभी तक उपरोक्त आवास में शिफ्ट नहीं हुए हैं। याद दिलाना होगा कि 20 मार्च को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया था। इस विस्तार में पांच विधायकों खजानदास, राम सिंह कैड़ा, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और भरत चौधरी को कैबिनेट में शामिल किया गया। मंत्री बनने के बाद इन सभी को विभाग भी आवंटित कर दिए गए और इन्होंने अपने-अपने विभागों की जिम्मेदारी संभालते हुए बैठकों और समीक्षा कार्यों की शुरुआत भी कर दी लेकिन उनका गृह प्रवेश नहीं हो सका। दरअसल, उत्तराखंड में मंत्रियों को सरकारी आवास देने की जिम्मेदारी राज्य संपत्ति विभाग की होती है, मगर विभाग अब तक यह तय नहीं कर पाया है कि किस मंत्री को कौन सा आवास दिया जाए। नव नियुक्त मंत्रियों को आवास आर्वंटित न हो पाने के पीछे जो सबसे बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है, वह यमुना कॉलोनी की सरकारी कोठियों की खराब हालत है। इन आवासों की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है और इनमें मरम्मत और रखरखाव का काम तेजी से चल रहा है। राज्य संपत्ति विभाग इन कोठियों को तेजी से ठीक करने में जुटा हुआ है, ताकि मंत्रियों को रहने लायक स्थिति में आवास उपलब्ध कराया जा सके, परंतु वर्तमान हालात को देखते हुए यह कहना तनिक मुश्किल है कि आने वाले कुछ दिनों में सभी मंत्रियों को आवास मिल पाएंगे या नहीं। दरअसल, कुछ कोठियों की स्थिति इतनी (शेष पृष्ठ सात पर)

# 51 कुंतल फूलों से सजा केदारनाथ धाम, 22 को खुलेंगे कपाट

## बाबा केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली केदारनाथ रवाना

रुद्रप्रयाग( उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध बाबा केदारनाथ धाम के कपाट कल 22 अप्रैल को सुबह आठ बजे शुभ मुहूर्त में खोले जाएंगे। कपाट खुलने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना में शामिल होंगे। कपाट खुलने के साथ ही केदारनाथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो जाएगा। बाबा केदारनाथ के धाम में यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पूरा केदारपुरी क्षेत्र फूलों से सजाया जा रहा है। श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पूर्व मंदिर को 51 कुंतल फूलों से सजाया गया है। इससे पहले आज बाबा केदार की डोली गौरीकुंड से केदारनाथ के लिए रवाना हो गई है। बाबा केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली सोमवार को फाटा से चलकर गौरीकुंड पहुंची। सुबह बाबा की डोली पूजा के बाद अपने द्वितीय रात्रि पड़ाव गौरी माई मंदिर गौरीकुंड के लिए रवाना हुई। विभिन्न पड़ावों, बड़ासू, शेरसी, रामपुर,सीतापुर, सोनप्रयाग होते हुए करीब चार बजे शाम डोली गौरीकुंड पहुंची। प्रथम दिन डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में को पूजा अर्चना के बाद डोली केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुई और आर्मी बैंड की धुन और भक्तों की मौजूदगी में काशी विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंची कुछ देर विश्राम के बाद बाबा की डोली आगे बढ़ी। श्रद्धालुओं ने विभिन्न कस्बों में फूल मालाओं और अक्षत से पंचमुखी उत्सव डोली का स्वागत किया। सोमवार को गौरीमाता मंदिर गौरीकुंड में डोली का रात्रि प्रवास होगा। बाबा की डोली के पहुंचते ही बाबा के जयकारों से क्षेत्र भक्तिमय हुआ। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल उत्सव डोली के गौरीकुंड पहुंचने पर गौरा माई मंदिर में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गौरीकुंड में माता पार्वती गौरा ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। यही कारण है कि केदारनाथ यात्रा में इस स्थल का विशेष स्थान है। गौरीकुंड में स्थित तप्त कुंड में श्रद्धालु स्नान कर धाम की ओर प्रस्थान करते हैं। इसके साथ ही यहां स्थित पितृ कुंड में तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।



# चारधाम यात्रा के लिए सरकार ने जारी की एसओपी, दर्शन के लिए मिलेगा टोकन

देहरादून। प्रदेश सरकार ने सुगम व सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है। यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष एहतियात बरतने के साथ दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। सरकार ने चारधामों के दर्शन के लिए कम से कम सात दिन का यात्रा प्लान बनाने की सलाह दी है। यात्रा के लिए सरकार ने पंजीकरण अनिवार्य किया है। यह प्रक्रिया पर्यटक सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण से जुड़ी है। पंजीकरण की सुविधा ऑनलाइन पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन या भौतिक काउंटरों के माध्यम से उपलब्ध है। पंजीकरण के बाद तीर्थयात्रियों को मैसेज प्राप्त होगा। इसमें क्यूआर कोड और एक विशिष्ट पहचान संख्या होगी। धामों में अधिकृत यात्री मित्र के माध्यम से फर्जीवाड़े से बचाव के लिए इसे स्कैन करेंगे। यात्रियों को केवल निर्धारित तिथि पर ही धाम में प्रवेश की अनुमति मिलेगी। दर्शन के लिए टोकन पंजीकरण दस्तावेजों के सत्यापन के बाद प्राप्त होगा। भौतिक सत्यापन बड़कोट, हिना, सोनप्रयाग, पांडुकेश्वर और गोविंदघाट में किया जा रहा है। यात्रियों को यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्य करानी चाहिए। अत्यधिक ठंड, कम ऑक्सीजन और कम वायुदाब यात्रियों को प्रभावित कर सकते हैं। कम से कम सात दिनों की यात्रा योजना बनाएं, जिससे शरीर वातावरण के अनुकूल हो सके। गर्म कपड़े, रेनकोट और अपनी नियमित दवाएं साथ रखें। यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित मार्गों का पालन करें तथा अधिकृत सेवाओं का ही उपयोग करें।



राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण यात्रियों से सचेत मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड करने का आग्रह कर रहा है। एप के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं का वास्तविक समय पर अलर्ट मिलेगा। तीर्थयात्री किसी भी साइबर अपराध की सूचना राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। यात्रा कंट्रोल रूम 0135- 2559898 और टोल फ्री नंबर 1364 पर संपर्क किया जा सकता है। चारधाम यात्रा के लिए कॉमर्शियल वाहनों के ग्रीन कार्ड बन रहे हैं। अब तक 8112 कार्ड जारी भी हो चुके हैं। उप परिवहन आयुक्त शैलेश तिवारी ने बताया कि ग्रीन कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन (greencard-uk-gov-in) की व्यवस्था है, ऑनलाइन फीस (हल्का मोटरयान के लिए 400 और भारी और मध्यम मोटरयान के लिए 600 फीस भी जमा होती है। इसके बाद वाहन स्वामी को परिवहन कार्यालय में प्रमाणपत्र, मार्ग परमिट, कर जमा प्रमाणपत्र, बीमा प्रमाणपत्र, प्रदूषण प्रमाणपत्र, चालक लाइसेंस प्रस्तुत करना होता है, जहां पर अभिलेखों की जांच होती है। इसके बाद वाहन की जांच की जाती है। सब कुछ ठीक होने के बाद ग्रीन कार्ड जारी किया जाता है।

# चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को मिलेगा स्वच्छ,शुद्ध और मिलावट रहित भोजन

## खाद्य संरक्षा विभाग ने तैनात की क्विक रिस्पांस टीमें और मोबाइल वैन

देहरादून (उद संवाददाता)। चारधाम यात्रा मार्ग के होटल ढाबों में इस बार तीर्थयात्रियों को स्वच्छ और शुद्ध भोजन उपलब्ध कराने के लिए खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने कमर कस ली है। विभाग ने यात्रा मार्ग पर क्विक रिस्पांस टीमों और मोबाइल फूड सेफ्टी वैन की तैनाती की है। इसके साथ ही विभाग ने यात्रा मार्ग के होटल ढाबों और खाद्य कारोबारियों के साथ व्यापक स्तर पर संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चारधाम यात्रा को हरित यात्रा की थीम पर संचालित करने पर जोर दे रहे हैं। इसी क्रम में विभाग यात्रा मार्ग के प्रमुख शहरों में होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर रहा है।शुद्ध और ताजा भोजन सुनिश्चित करने के लिए रोटेशन के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात किए गए हैं। खाद्य पदार्थों की जांच और जन जागरूकता के लिए मोबाइल फूड सेफ्टी वैन के साथ ही शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए क्विक रिस्पांस टीम भी मुस्तैद रहेगी। विभाग ने किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर 18001804246 भी जारी किया है। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन सचिन कुर्वे के निर्देश पर विभाग होटल और ढाबा संचालकों के साथ बैठकें कर उन्हें ग्रीन यात्रा, स्वच्छता और मिलावट रहित भोजन के लिए प्रशिक्षित कर रहा है।उपायुक्त मुख्यालय गणेश कंडवाल ने जानकारी दी कि आयुक्त के दिशा निर्देशों के क्रम में अब तक उत्तरकाशी, श्रीनगर, देवप्रयाग, तीनधारा, चंबा, घनसाली, रुद्रप्रयाग और घट्टूगाड़ में 250 से अधिक होटल कारोबारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इन कार्यशालाओं में कारोबारियों से भोजन में तेल, नमक और चीनी का उपयोग कम करने की अपील की जा रही है ताकि मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित यात्रियों को सुविधा रहे। ईट राइट अभियान के तहत होटलों को निर्देश दिए गए हैं कि खाद्य तेल को तीन बार से अधिक इस्तेमाल न करें और बचे हुए तेल को बायोफ्यूल बनाने के लिए उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि चारधाम यात्रा में देश विदेश के लाखों यात्री उत्तराखंड पहुंचते हैं। सरकार का प्रयास है कि तीर्थ यात्रियों को न सिर्फ शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण मिले बल्कि पवित्र तीर्थस्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की समस्या भी पैदा न हो। प्रशासन सिंगल यूज प्लास्टिक के रिड्यूज, रियूज और रिसाइकिल के सिद्धांत पर काम कर रहा है ताकि यात्रा के दौरान पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार ने विभिन्न महत्वपूर्ण कदम उठाये

## वानप्रस्थ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे मुख्यमंत्री

यमकेश्वर (उद संवाददाता)। यमकेश्वर स्थित वानप्रस्थ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत भगवान श्रीकृष्ण का सजीव स्वरूप है, जो मानव को धर्म, ज्ञान और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करते हुए जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण एवं दूरगामी कदमों का भी उल्लेख किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से चारधाम यात्रा मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कारण यात्रा अब अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक हो गई है। प्रदेश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कालसी हरीपुर क्षेत्र में यमुना नदी के तट पर घाटों के निर्माण कार्य, शारदा कॉरिडोर, हरिद्वार ऋषिकेश कॉरिडोर तथा दून विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे प्रदेश की आर्थिकी एवं सांस्कृतिक पहचान को मजबूत किया जा रहा है। स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के निरंतर प्रयासों एवं प्रभावी कार्यशैली के परिणामस्वरूप यमकेश्वर क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है, जिससे क्षेत्रवासियों को व्यापक एवं प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है।





# शंकराचार्य की गद्दी और गाडू घड़ा तेल कलश बदरीनाथ धाम के लिए रवाना

चमोली। नृसिंह मंदिर परिसर में स्थित मंदिर के सामने विशेष पूजा-अर्चना के बाद आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी और गाडू घड़ा तेल कलश बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। इस दौरान भगवान बदरी विशाल के भजनों के साथ महिलाओं व सेना के बैंडो की मधुर ध्वनि ने नृसिंह मंदिर क्षेत्र भक्तिमय कर दिया। बदरीनाथ धाम मंदिर के कपाट 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। ऐसे में यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए चमोली पुलिस अलर्ट मोड पर है। यात्रा के सुचारू व सुरक्षित संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।धाम क्षेत्र में संभावित भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए बहु-स्तरीय सुरक्षा प्लान लागू किया गया है। सभी प्रवेश मार्गों, प्रमुख स्थलों व संवेदनशील क्षेत्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जा रही है तथा नियमित चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। सबसे अहम, आतंकवादी निरोध दस्ता (एटीएस) ने मोर्चा संभाल लिया है। एटीएस की तैनाती के साथ ही सुरक्षा कड़ी हो गई है।



# तीन पानी डैम के पुनर्निर्माण के लिए महापौर ने अधिकारियों के साथ किया सर्वे

रूद्रपुर। वार्ड नंबर एक की वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए महापौर विकास शर्मा ने मंगलवार को वार्ड नंबर एक स्थित 'तीन पानी डैम' के पुनर्निर्माण हेतु सिंचाई विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण और विस्तृत सर्वे किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। गौरतलब है कि तीन पानी डैम बीते कई वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में था। इसकी जल निकासी क्षमता पूरी लगभग समाप्त हो चुकी थी, जिसका खामियाजा क्षेत्र की एक विशाल आबादी को भुगतना पड़ता था। मानसून के दौरान ड्रेनेज सिस्टम ठप होने से फुलसुंगा, फुलसुंगी और आसपास की दर्जनों कॉलोनियां जलमग्न हो जाती थीं। सड़कें तालाब का रूप लेती थीं और लोगों का घरों से निकलना दूभर हो जाता था। इस समस्या को महापौर विकास शर्मा ने बेहद गंभीरता से लिया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पैरवी की। मुख्यमंत्री के विशेष हस्तक्षेप के बाद शासन ने डैम के कायाकल्प के लिए 1 करोड़ 74 लाख 81 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की, जो अब सिंचाई विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है। सर्वे के दौरान महापौर ने सिंचाई विभाग के इंजीनियरों के साथ डैम के तकनीकी पहलुओं, मजबूती और भविष्य की जरूरतों पर गहन मंथन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य न केवल गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, बल्कि इसे जनभावनाओं के अनुरूप बनाया जाए ताकि आगामी कई दशकों तक क्षेत्रवासियों को ड्रेनेज की समस्या न देखनी पड़े। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि टेंडरिंग और शुरुआती प्रक्रियाओं को तत्काल पूरा कर इसी सप्ताह से पुल का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू कर दिया जाए। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रुद्रपुर के विकास को लेकर अत्यंत संवेदनशील हैं। उन्हीं के आशीर्वाद से शहर की जटिल समस्याओं के लिए करोड़ों का बजट मिल रहा है। उन्होंने कहा कि तीन पानी डैम का पुनर्निर्माण मेरा जनता से किया गया एक प्रमुख वायदा था, जो अब साकार होने जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इस परियोजना के तहत केवल डैम और पुल का निर्माण ही नहीं होगा, बल्कि संपर्क मार्ग का चौड़ीकरण भी किया जाएगा। इससे क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म होगी और आवागमन सुगम होगा। साथ ही, डैम से जुड़ी पुरानी सिंचाई नहरों को पुनर्जीवित करने की योजना पर भी काम किया जा रहा है ताकि किसानों को भी इसका लाभ मिल सके। महापौर ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि रुद्रपुर को एक आधुनिक और आदर्श शहर बनाना उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मानसून की पहली दस्तक से पहले मुख्य ढांचागत कार्य पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ताकि इस बार जनता को जलभराव के नारकीय कष्ट से मुक्ति मिल सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई अन्य बड़े प्रोजेक्ट्स भी शुरू होने वाले हैं, जिससे रुद्रपुर का कायाकल्प निश्चित है। सर्वे और निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ सिंचाई विभाग के एसडीओ बी. एस. डांगी, जेई हरपाल, पंचदेवी, पार्षद पवन राणा, शुभम ठाकुर, दलीप अधिकारी, अनुज पाठक, ब्रजेश गुप्ता, अनुराग बोस सहित नगर निगम और सिंचाई विभाग के कई कर्मचारी व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





## शिक्षा समिति के गठन में देरी होने से गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब पर करोड़ों का अतिरिक्त बोझ

### कई वर्षों से नहीं हो पा रहा शिक्षा समिति का गठन, प्रतिमाह 8 लाख का अतिरिक्त पड़ रहा बोझ

नानकमत्ता। ऐतिहासिक गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब की प्रबंधन कमेटी द्वारा शिक्षा समिति का गठन लंबे समय से न किए जाने के कारण गुरुद्वारा प्रशासन पर हर वर्ष करोड़ों रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इस स्थिति को लेकर क्षेत्र की संगत और शिक्षा से जुड़े लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। बताया जा रहा है कि कमेटी के अंदर चल रही आपसी खींचतान और मतभेदों के चलते शिक्षा समिति का गठन नहीं हो पा रहा है। इसका सीधा असर गुरुद्वारा कमेटी द्वारा संचालित गुरु नानक इंटर कॉलेज और गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज पर पड़ रहा है। दोनों शिक्षण संस्थानों में वर्षों से कई पद रिक्त पड़े हैं, जिन पर स्थायी नियुक्ति नहीं हो सकी है। स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति न होने के कारण इन कॉलेजों में अस्थायी अध्यापकों के सहारे शिक्षण कार्य चलाया जा रहा है। इससे न केवल शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि अस्थायी व्यवस्था पर होने वाला खर्च भी गुरुद्वारा प्रबंधन के लिए अतिरिक्त बोझ बनता जा रहा है। प्रति माह करीबन 8 लाख की सैलरी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा दी जा रही है। संगत का कहना है कि यदि समय रहते शिक्षा समिति का गठन कर नियमित नियुक्तियां की जाएं, तो संस्थानों में पढ़ाई का स्तर बेहतर होगा और गुरुद्वारा पर पड़ रहा आर्थिक दबाव भी कम हो सकेगा। इससे संगत द्वारा दिए गए दान का उपयोग अन्य धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भी किया जा सकेगा।

### जल्द शुरू की जाएगी शिक्षा समिति गठन की प्रक्रिया: संधू

नानकमत्ता। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह संधू ने बताया किकी पिछले बैठक में शिक्षा समिति गठन करने की बात आई थी। कई बार शिक्षा समिति गठन करने का प्रयास किया गया लेकिन सहमति नहीं बन पाई। जिसको लेकर जल्द गुरुद्वारा कमेटी के डायरेक्टर के साथ वार्ता की जाएगी। आपसी संवाद कर शिक्षा समिति के गठन को की प्रक्रिया को एक-दो दिन में शुरू किया जाएगा।

### शिक्षा समिति के गठन को लेकर सभी डायरेक्टर सहमत-बेदी

नानकमत्ता। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी डायरेक्टर अमरजीत सिंह बेदी ने बताया कि कमेटी द्वारा संचालित गुरु नानक इंटर कॉलेज और बालिका इंटर कॉलेज में कई पद टीचरों के रिक्त चल रहे हैं जिससे गुरुद्वारा कमेटी को प्रति माह 8 लाख करीबन की सैलरी देनी पड़ रही है। जो कि प्रतिवर्ष करोड़ों रुपएकमेटी पर अतिरिक्त बोझ है। वर्तमान कमेटी शिक्षा समिति गठन नहीं करना चाह रही है। जिसको लेकर जल्द ही डायरेक्टर बैठक में अपनी बात रखेंगे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

## विवाहिता को भगा ले गया युवक

काशीपुर। एक महिला ने एक युवक पर उसकी विवाहिता पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। ग्राम गढ़ीनेगी निवासी एक व्यक्ति ने कुंडा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री का विवाह 4 मई 2023 को मुरादाबाद में हुआ था तथा उसकी पुत्री के दो वर्ष का पुत्र भी है। कहा कि किन्ही कारणों के चलते उसकी पुत्री पिछले 6 माह से मायके में उसके घर पर रह रही है। कहा कि 17 अप्रैल 2026 की सुबह लगभग सुबह 10 बजे उसकी पुत्री अपने पुत्र के साथ घर से गायब हो गई। बाद में उसे पता चला कि उसकी पुत्री को गढ़ीनेगी निवासी सचिन पुत्र भूरा भगा कर ले गया है। महिला ने उसकी पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अवैध शराब के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने कच्ची शराब के साथ एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 70 पाउच कच्ची शराब के बरामद किये हैं। आईटीआई कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान बाजपुर रोड स्थित सूत मिल रोड से ग्राम मुकंदपुर निवासी फुम्मन सिंह पुत्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 59 पाउच कच्ची शराब के बरामद किये हैं। वहीं पुलिस ने वैशाली कालोनी में अपने घर के बाहर कच्ची शराब बेचते आशा पत्नी स्व. दान सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11 पाउच कच्ची शराब के बरामद किये हैं।

## चेतावनी और चुनौती के बाद भी नहीं भिड़े नेता, समझौते से टली टकराव की स्थिति

जसपुर।जसपुर में पिछले कुछ दिनों से जारी राजनीतिक तनातनी उस वक्त शांत हो गई, जब आमने-सामने आने की चेतावनी और खुली चुनौती के बावजूद वर्तमान विधायक आदेश चौहान और पूर्व विधायक डॉ शैलेंद्र सिंघल के बीच सीधी भिड़ंत नहीं हो सकी। बीएसवी इंटर कॉलेज मैदान में तय समय पर दोनों नेताओं के समर्थकों के जुटने की संभावना थी, लेकिन ऐन वक्त पर समझौते के चलते स्थिति सामान्य हो गई।जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच प्रतिमा स्थापना को लेकर विवाद गहराया हुआ था। सोशल मीडिया पर वीडियो और बयानों के जरिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चला, जिससे क्षेत्र का माहौल गर्म हो गया था। इसी बीच दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को आमने-सामने मिलने की चुनौती दी थी।हालांकि, प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पहले से ही सतर्कता बरती। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ स्थानीय गणमान्य लोगों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी मध्यस्थता की पहल की। बातचीत के बाद दोनों पक्षों को शांत कराया गया और आमने-सामने की टकराव की स्थिति टल गई।बताया जा रहा है कि पुलिस ने भी दोनों नेताओं से निर्धारित स्थान पर न पहुंचने की अपील की थी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसके बाद दोनों पक्षों ने पीछे हटने का फैसला लिया, जिससे क्षेत्र में शांति बनी रही।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की उकसाने वाली गतिविधि या सार्वजनिक शांति भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।समय रहते हुए हुए समझदारी और प्रशासन की सक्रियता से एक बड़ा टकराव टल गया। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य है, लेकिन पूरे घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीति में गर्मी जरूर बढ़ा दी है।



## अग्रवाल महिला समिति की नव निर्वाचित अध्यक्ष ऊषा अग्रवाल का किया स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री अग्रवाल महिला समिति की नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती ऊषा अग्रवाल का भाजपा नेता एवं एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने उनके निवास पर पहुंचकर अपने साथियों के साथ अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्प भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रमोद मित्तल ने कहा कि ऊषा अग्रवाल एक सक्रिय, कर्मठ एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं। उनके नेतृत्व में अग्रवाल महिला समिति नई ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और अग्रवाल महिला समिति जैसी संस्थाएं इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही हैं। श्रीमती ऊषा अग्रवाल के नेतृत्व में यह संगठन समाज के विभिन्न वर्गों के हित में प्रभावी भूमिका निभाएगा। ऊषा अग्रवाल ने भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एवं उनके साथ आए सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगी तथा समिति के माध्यम से समाज सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएंगी। सम्मान करने वालों में कुशल अग्रवाल, अमित जैन, एडवोकेट मनीष मित्तल, एडवोकेट पूजा मित्तल, निखिल चंडोक, डॉक्टर गौरव अग्रवाल, अमित मित्तल, नितिन अग्रवाल सहित तमाम सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## दुर्घटना में बेटे की मौत के बाद बाइक के फर्जी कागजों का खुलासा

### न्यायालय के आदेश पर ऑटो सेल्स मलिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नानकमत्ता। क्षेत्र के ग्राम गिधौर निवासी एक महिला ने अपने मृतक पुत्र की बाइक के कागजों में कथित फर्जीवाड़े और धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने ऑटो सेल्स मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मजिस्ट्रेट खटीमा के समक्ष प्रार्थना पत्र दाखिल कर ग्राम गिद्धौर निवासी हीरा देवी ने बताया कि उनका पुत्र मुकेश कुमार 29 अप्रैल 2025 को अपनी नई पल्सर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान मच्छी झाला के पास हुए सड़क हादसे में उसकी दर्दनाक मृत्यु हो गई। बेटे की मौत से टूट चुकी मां ने जब दुर्घटना क्लेम के लिए बाइक के दस्तावेज तलाशे तो वे नहीं मिले। आशंका जताई गई कि हादसे के दौरान बाइक के कागज आरसी, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस और प्रदूषण प्रमाण पत्र-कहीं गिर गए होंगे।हीरा देवी का कहना है कि इसके बाद वह बाइक के कागज दोबारा प्राप्त करने के लिए नानकमत्ता स्थित नवरूप ऑटो सेल्स पर गईं, जहां से बाइक खरीदी गई थी। वहां मौजूद हरप्रीत सिंह से जब दस्तावेज मांगे गए तो उन्होंने देने में आनाकानी की और कोई जवाब नहीं दिया। प्रार्थिनी ने बताया कि 14 अगस्त 2025 को उन्होंने थाना नानकमत्ता में सूचना दर्ज कराने की कोशिश की और बाद में सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, उधम सिंह नगर पहुंचकर वाहन का विवरण निकलवाने का प्रयास किया। लेकिन वहां से जो जानकारी मिली, उसने उन्हें और अधिक परेशान कर दिया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि दिए गए इंजन नंबर पर कोई भी वाहन पंजीकृत नहीं है। इस खुलासे के बाद प्रार्थिनी ने आरोप लगाया कि उनके और उनके दिवंगत पुत्र के साथ धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत 25 नवंबर 2025 को थाना नानकमत्ता में की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 19 दिसंबर 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रुद्रपुर को भी शिकायत दी गई, परंतु वहां से भी कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर उसने माननीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और न्यायालय के आदेश पर नानकमत्ता पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का परिणाम 25 अप्रैल को होगा घोषित

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के लाखों छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी खबर है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे घोषित किया जाएगा। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर से मिली जानकारी के अनुसार, परीक्षा परिणाम बोर्ड सभागार में शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत और माध्यमिक शिक्षा निदेशक मुकुल सती की मौजूदगी में जारी किया जाएगा।उत्तराखंड बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि इस बार परीक्षा प्रक्रिया समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरी की गई। पहली बार आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से कराई गई, जिससे छात्रों को काफी सहूलियत मिली। आंकड़ों के अनुसार, इस साल हाईस्कूल में 1 लाख 12 हजार 266 और इंटरमीडिएट में 1 लाख 2 हजार 986 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। इस प्रकार कुल 2 लाख 15 हजार 252 परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी है, जो अपने परिणाम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। परीक्षा कार्यक्रम भी इस बार तय समय के अनुसार ही संपन्न हुआ।



प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 जनवरी से 15 फरवरी के बीच कराई गईं, जबकि लिखित परीक्षाएं फरवरी के तीसरे सप्ताह से शुरू होकर 20 मार्च तक चलीं। सभी परीक्षाएं एक ही पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गई थीं। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रदेशभर में 1,261 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 50 एकल और 1,211 मिश्रित केंद्र शामिल थे। सुरक्षा की दृष्टि से 156 केंद्रों को संवेदनशील और 6 को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया था। टिहरी गढ़वाल में सर्वाधिक 136 केंद्र बनाए गए, जबकि चंपावत में सबसे कम 44 केंद्र रहे। छात्रों की सुविधा के लिए इस बार नई व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत सभी स्कूलों को अलग-अलग पोर्टल और पासवर्ड दिए जाएंगे। इससे छात्र अपने स्कूल में ही आसानी से रिजल्ट देख सकेंगे। इसके अलावा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइटwww.ubse.uk.gov.in पर भी परिणाम उपलब्ध रहेगा। रिजल्ट की तिथि घोषित होने के साथ ही अब छात्रों और अभिभावकों का इंतजार खत्म होने वाला है।

# पुलिस के संरक्षण में अवैध खनन निरंतर जारी

बाजपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सुल्तानपुर पट्टी व दोराहा पुलिस चौकी मादक पदार्थों की बिक्री तथा अवैध वसूली को लेकर एक बार फिर से सुर्खियों में है। सूत्रों का कहना है कि दोनों ही चौकियों में लंबे समय से जमे कुछ पुलिसकर्मी अपराधिक गतिविधियों को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी वैसे तो जनपद उधम सिंह नगर में अवैध खनन के लिए कुख्यात है। राज्य की सीमा पर स्थापित चौकी क्षेत्र में यूपी के खनन माफियाओं का दबदबा है। सरकार व प्रशासन के सख्त निर्देशों के बावजूद यहां कोसी नदी में चल रहे अवैध खनन पर अंकुश लगाने के प्रभावी प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। जेसीबी तथा पोकलैंड मशीनो से राज्य के कोसी नदी के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस के संरक्षण में अवैध खनन निरंतर जारी है। इसी तरह अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि चौकी क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर वर्दी के संरक्षण में मादक पदार्थों तथा जहरीली कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है। इसी तरह दोराहा पुलिस चौकी क्षेत्र में जरायम कारोबारियों का पुरजोर बोलबाला है। चौकी क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर अवैध कच्ची शराब व मादक पदार्थों के बिक्री की सूचना है। दोराहे पर राज्य की सीमा में प्रवेश करने वाले खनन भरे वाहनों के अलावा लक्कड़ व ओवरलोड तथा ओवर हाइट वाहनों से अवैध वसूली की सूचना है। बताया जा रहा है कि वाहनों से उक्त स्थान पर एंट्री वसूली जा रही है।

# जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है भागवत कथा: ठुकराल

रूद्रपुर। पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने ग्राम सुंदरपुर स्थित राधा गोविंद मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने भक्तिभाव से कथा श्रवण किया और व्यास गद्दी पर विराजमान



कथा व्यास सनत कृष्ण महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने ठुकराल को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं और यह हमें धर्म व भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ठुकराल ने कथा के सफल आयोजन के लिए मंदिर समिति और क्षेत्रीय जनता की सराहना की। इस दौरान कार्यक्रम में डा. विश्वजीत सरदार, दीपक मण्डल, दुखी राम मण्डल, परितोष साना, श्यामल मण्डल, अमृत विश्वास, रमेश मण्डल, कल्याण ढाली, सुब्रत बाछाड़, आनंद शर्मा, अजय नारायण सिंह और सुदीप सिंह आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# कामर्शियल सिलेंडर आपूर्ति एवं पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने की मांग

## व्यापारियों का शिष्टमंडल जिला पूर्ति अधिकारी से मिला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी से मुलाकात कर शहर में कामर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी एवं पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी को अवगत कराया कि वर्तमान समय में शहर में कामर्शियल सिलेंडरों की भारी कमी बनी हुई है, जिससे छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। विशेष रूप से ठेली संचालक, चाय विक्रेता, टिक्की, समोसा, होटल एवं रेस्टोरेंट से जुड़े कारोबारियों की आजीविका पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। कई छोटे दुकानदारों का व्यवसाय बंद होने की कगार पर पहुंच गया है, वहीं कुछ को अपने काम में कटौती करनी पड़



रही है। उन्होंने मांग की कि कामर्शियल सिलेंडरों की नियमित एवं समान आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु एक पारदर्शी रोस्टर प्रणाली लागू की जाए, ताकि छोटे से छोटे व्यापारी तक भी सिलेंडर उपलब्ध हो सके। साथ ही शहर में पीएनजी गैस कनेक्शनों का दायरा बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे भविष्य में गैस आपूर्ति संबंधी समस्याओं से आम जनता को राहत मिलेगी और लंबी लाइनों की स्थिति से बचा जा सकेगा।इस पर जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विभाग स्तर पर रोस्टर तैयार किया जाएगा, जिससे लघु एवं मध्यम व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जा सकें। साथ ही पीएनजी पाइपलाइन विस्तार के लिए संबंधित एजेंसियों से लगातार संपर्क कर कनेक्शनों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद गौरव खुराना, पवन गाबा, अंशुल अग्रवाल, भरत बत्रा, दीपक कुमार, संतोष कुमार सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

# डीएम से की जबरन धर्मांतरण गतिविधियों की जांच एवं रोकथाम करने की मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एकल अभियान उत्तराखंड संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर उनसे क्षेत्र में हो रहे जबरन धर्मांतरण गतिविधियों की जांच व इस पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में पिछले कुछ समय से कथित रूप से धर्मांतरण से संबंधित गतिविधियाँ हो रही हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ व्यक्तियों/समूहों द्वारा सीमांत क्षेत्रों में लालच, दबाव, या अन्य अनुचित तरीकों से लोगों को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। इस कारण क्षेत्र में सामाजिक तनाव एवं असुरक्षा का वातावरण बन रहा है। संस्था का उद्देश्य किसी भी धर्म या समुदाय के विरुद्ध नहीं है, बल्कि केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना एवं किसी भी प्रकार की अवैध या जबरन गतिविधियों को रोकना है। भारत का संविधान सभी नागरिकों को अपने धर्म का पालन एवं प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है, परंतु जबरन या प्रलोभन के आधार पर धर्म परिवर्तन कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है (जहाँ लागू हो)। उक्त



मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज्ञापन में जिलाधिकारी से कोई अवैध गतिविधि पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने, क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर अंजुल त्यागी, हरीश बजाज, विशाल खेरा, धीरेन्द्र भट्ट, झम्मन लाल शर्मा, चन्दन भट्ट, अभिषेक गुप्ता, आदित्य चौबे, शशांक गुप्ता, रमेश जोशी, प्रणव चौधरी, अवधेश, रचित सिंह, विकास शर्मा, विष्पेंद्र चौधरी, गोविंद राय, सतनाम सिंह, सूर्यमणि, राघव, कुबेर मनराल, बलवंत उपाध्याय, जुगल गोस्वामी, तुषार बंसल, समीर, राजेश शर्मा, अभिनव छाबड़ा, राजेश जग्गा, नीतीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# चोरी की बाइक के साथ चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर कोतवाली पुलिस ने तीन दिन पूर्व हुई बाइक चोरी के मामले का खुलासा करते हुए चोरी की गई बाइक के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सीओ सुमित पांडे ने बताया कि 17 अप्रैल को ग्राम छोई निवासी सौम्य प्रकाश विद्यार्थी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर ली गई थी।चोरी की इस घटना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए खुलासे के लिए टीमों का गठन किया था। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि



पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चोरपानी रेलवे मैदान के खाली फील्ड से मयंक चौधरी निवासी ग्राम छोई हनुमान धाम रोड, दिव्यांशु आर्य निवासी किशनपुर छोई, विमल कुमार निवासी छोई और योगेश कुमार निवासी ग्राम छोई को चोरी की गई बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्यवाही की है।




# नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी का भव्य स्वागत

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा स्थित विधायक कार्यालय में कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने संबोधन में कहा कि गुलशन सिंधी एक कर्मठ और जमीनी कार्यकर्ता हैं और उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समाधान करना है। कांग्रेस हमेशा जनहित के मुद्दों पर मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी क्षेत्र के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच रहकर उनकी आवाज को मजबूत करें। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने के साथ साथ क्षेत्र की जनता की सेवा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।स्वागत कार्यक्रम से पूर्व आयोजित जनसंवाद में क्षेत्रवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। लालपुर वार्ड नंबर 2 स्थित राम रहीम कॉलोनी के निवासियों ने 70 मीटर सड़क निर्माण की मांग उठाई। वहीं सिरौली कला वार्ड नंबर 20 से जयवीर, अरुण, उमाशंकर, आनंद, वीमा देवी एवं रामनिवास सहित अन्य लोगों ने पानी निकासी की समस्या से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त शांतिपुरी खमिया नंबर 2 में चंचल सिंह कोरंगा द्वारा नलकूप का पानी खेतों तक पहुंचाने हेतु 150 मीटर पाइपलाइन बिछाने की मांग रखी गई। विधायक तिलक राज बेहड़ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया।इस दौरान दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, ओम प्रकाश दुआ, दलीप बिष्ट, लियाकत अली, निर्मल सिंह हंसपाल, हरिओम चौहान, अशोक चुघ, मोंटी, हरभजन सिंह, शाहनवाज खान, जीवन जोशी, दुर्गेश गुप्ता, बंटी पपनेजा, एन यू खान, त्रिमल गंगवार, सरवर, जुनैद, डिंपल, छोटेलाल कोली, नरेश खुराना, फिरासत खान, नासिर, मुख्त्यार अहमद, दलजीत कक्कड़, संतोष ठाकुर, रिजवान निक्की और जाकिर अली सहित कई लोग उपस्थित रहे।





# विपक्ष की नकारात्मक सोच से महिला आरक्षण बिल नहीं बन पाया कानून: भट्ट

## भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में सांसद अजय भट्ट ओर विधायक सरिता आर्य ने की प्रेस वार्ता



हल्द्वानी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम विपक्ष दवारा संसद में पास नहीं होने के महत्वपूर्ण विषय पर भाजपा जिला महिला मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट एवं जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती कंचन उप्रेती की उपस्थिति में भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में प्रेस वार्ता की गयी। जिसमें सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट एवं नैनीताल विधानसभा की विधायक श्रीमती सरिता आर्य द्वारा वार्ता की गई प्सांसद अजय भट्ट ने अपने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को विपक्ष की महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच एवं गलत रवैये की वजह से कानून का रूप नहीं नहीं मिल पाया 70 करोड़ महिला शक्ति की उम्मीदों पर पानी फेरने का काम इंडी गठबंधन ने किया। इंडी गठबंधन के लोग अंग्रेजों की तरह फूट डालो और राज करो कि नीति अपनाते हैं । उन्होंने कहा कि कांग्रेस सपा जैसी पार्टी धर्म के नाम पर आरक्षण की बात कह कर बरगलाती है. आने वाले वक्त में इसका खामियाजा इंडी गठबंधन को भुगतना होगा। कांग्रेस और इंडी गठबंधन का वास्तविक चेहरा सामने आया, देश की माता बहने सच्चाई जान चुकी है। उन्होंने कहा एक तरफ कांग्रेस महिलाओं के कल्याण की बात करती है, जबकि दूसरी तरफ उनके कानूनी सशक्तिकरण को रोकने की कोशिश करती है। उसका दोहरा रवैया उजागर हो गया है। सांसद भट्ट ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों ने बिल पास नहीं होने दिया। महिला अधिकार की बात जब भी आई कांग्रेस ने महिलाओं के अधिकार के साथ गद्दारी की। महिलाओं को इस बार पूरी आशा थी कि ये बिल पास हो जाएगा। बिल गिरने पर विपक्ष के लोगों ने तालियां बजायी और खुशियां मनाई। जबकि हमारे आंखों में आंसू थे। सांसद भट्ट ने कहा कि जिस नारी शक्ति वंदन अधिनियम कानूनक विपक्ष ने विरोध किया वह सिर्फ एक कानून नहीं बल्कि लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम था। महिलाओं का विरोध करने वाली कोई भी ताकत कभी जीवित नहीं रही है और भविष्य में भी नहीं रहेगी। सांसद भट्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किया गया यह विधेयक महिलाओं की गरिमा और अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से था, लेकिन इसे लोकसभा में बाधित कर विपक्ष का चरित्र सम्पूर्ण राष्ट्र के सामने उजागर हो गया है प्सांसद भट्ट ने कहा कि यह कदम "देश की सभी महिलाओं और युवाओं के लिए था, किसी एक पार्टी के लिए नहीं। सांसद भट्ट ने कहा, स्थानीय निकाय चुनावों में भी कई राज्यों ने महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण दिया है, फिर भी संसद और विधान सभाओं में उनकी भागीदारी बढ़ाने का ऐतिहासिक रास्ता रोक दिया गया है। विधायिका श्रीमती सरिता आर्य ने कहा कि देश की महिलाओं को उम्मीद थी कि कांग्रेस और उसके सहयोगी इस विधेयक का समर्थन करेंगे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की आलोचना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा यह आरोप कि प्रधानमंत्री महिलाओं के नाम पर राजनीति कर रहे हैं, निराधार है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रयासों को रेखांकित करने के लिए केंद्र सरकार की पहलों का भी उल्लेख किया। विधायिका आर्य ने कहा, 2014 से केवल कागजों पर नहीं बल्कि जमीन पर भी काम हुआ है,जिसमें उज्ज्वला योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक परिवारों को गैस कनेक्शन प्रदान करना और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष नेसकारात्मक भूमिका निभाने के बजाय राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता दी और देशहित से ऊपर दलगत सोच को रखा। इन दलों का विरोध केवल संसदीय प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे यह स्पष्ट संकेत गया कि महिलाओं के अधिकारों के प्रश्न पर भी वे गंभीर नहीं हैं। संविधान का 131वां संशोधन विधेयक का पारित न हो पाना इसी नकारात्मक राजनीति का परिणाम है।पत्रकार वार्ता में कल्पना बोरा, भूमिका गोयल, दीप्ति चुफाल मौजूद रही।

## महिला आरक्षण विरोधियों को जनता सिखाएगी सबक: रेखा



काशीपुर। काशीपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करने वाले विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि आधी आबादी के अधिकारों का विरोध करने वालों को जनता आने वाले चुनावों में करारा जवाब देगी।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रेखा आर्या ने कहा कि कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस जैसे दलों ने महिला आरक्षण का विरोध कर न केवल महिलाओं का अपमान किया है, बल्कि अपने राजनीतिक चरित्र को भी उजागर किया है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल राजनीति का नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों का है।उन्होंने भरोसा जताया कि देश की महिलाएं इस अपमान को भूलेगी नहीं और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में विपक्ष को सबक सिखाएंगी। मंत्री ने दोहराया कि भाजपा संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण देने के अपने संकल्प पर पूरी तरह अडिग है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश ने देखा है कि उनकी सरकार में असंभव भी संभव होता है। महिला आरक्षण को लागू कराना भी इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। इस अवसर पर राज्य मंत्री सीमा चौहान, राज्य मंत्री मनजीत सिंह राजू, मेयर दीपक बाली, प्रदेश प्रवक्ता गुरविंदर सिंह, जिला महामंत्री सुशील शर्मा, पूर्व मेयर उषा चौधरी, राम मल्होत्रा, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा आदि रहे।

## गोल्ज्यू यात्रा का खटीमा में हुआ भव्य स्वागत



खटीमा। धरोहर न्यास की ओर से संचालित गोल्ज्यू यात्रा 2026 के सोमवार को खटीमा पहुंचने पर कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच और अनेक धार्मिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने गोल्ज्यू के रथ में देव डांगरों का पूजन-वंदन कर आशीर्वाद लिया। खटीमा में सबसे पहले गोल्ज्यू यात्रा का टनकपुर रोड अमाऊं स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर परिसर और नगर मार्ग में प्रवेश पर श्री महाकालेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों ने जोरदार अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्य बाजार में संजय मार्केट में श्री श्याम शिष्ट मंडल की टोली ने पुष्प वर्षा कर और यात्रियों को अंग वस्त्र भेंट कर गोल्ज्यू के जयकारों के साथ प्रसाद वितरित किया।सितारगंज रोड के पास व्यापारियों ने मातृ शक्ति के साथ मिलकर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर कंजाबाग रोड पहुंची, जहां श्री सिद्धेश्वर महिला कीर्तन मंडली और मंदिर समिति ने यात्रा का नेतृत्व कर रहे विजय भट्ट और अन्य श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। इसके बाद गोल्ज्यू यात्रा को हरिद्वार के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच के अध्यक्ष टीएस खाती, महासचिव भुवन चंद्र भट्ट, मनोज कन्याल, शंकर लोहनी, किशन सिंह किन्ना, मोहिनी पोखरिया, शांति पांडेय, सावित्री बुंगला, योगिता विष्ट, दया भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## नव मनोनीत ब्लॉक अध्यक्षों का किया स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस हाईकमान द्वारा पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा की प्रबल संस्तुति के बाद रुद्रपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नव मनोनीत तीन



अध्यक्षों अशोक राय, नासिर अहमद और पवन विष्ट को कांग्रेस जनों ने शुभकामनाएं दी हैं। ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद पवन विष्ट पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा के सिविल लाइन स्थित आवास पर पहुंचे। इस दौरान मीना शर्मा ने पवन विष्ट का पीत वस्त्र पहनाकर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। इस अवसर पर विनोद कुमार, देवेंद्र विष्ट और पिन्टू कोली सहित अनेकों कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## एसएसपी अजय गणपति ने ली सिडकुल प्रबंधन के साथ समीक्षा बैठक



रुद्रपुर। पुलिस कार्यालय रुद्रपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति की अध्यक्षता में सिडकुल रुद्रपुर एवं नगर की मुख्य कंपनियों के प्लांट हेड और एचआर हेड के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। यह बैठक औद्योगिक क्षेत्र में पिछले दिनों हुए प्रदर्शनों के बाद सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और भविष्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। गोष्ठी में एसएसपी अजय गणपति द्वारा औद्योगिक शांति और सुरक्षा प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसएसपी ने कंपनियों के प्रबंधन को निर्देशित किया कि वे श्रमिकों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें ताकि किसी भी प्रकार के असंतोष को समय रहते आंतरिक रूप से सुलझाया जा सके और विरोध प्रदर्शन जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने कंपनियों को अपने गेट और बाहरी परिसरों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए, जिससे परिसर की निगरानी प्रभावी ढंग से हो सके।बैठक के दौरान एसएसपी ने एलआईयू, थानाध्यक्ष पंतनगर और चौकी प्रभारी सिडकुल को औद्योगिक इकाइयों के साथ समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर पुलिस तत्काल कार्यवाही कर सके। गोष्ठी में उपस्थित प्लांट हेड और एचआर हेड ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर एसएसपी ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। एसएसपी ने सख्त लहजे में कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की शांति भंग करने वाले किसी भी अराजक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।

# दिनेशपुर में नकली आयुर्वेदिक दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़

## एसडीएम ने मरीज बन पकड़ा फर्जीवाड़ा,अवैध असलहा व हिरण की सींग बरामद, संचालक हिरासत में,फैक्ट्री सील

दिनेशपुर। पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने नगर के वार्ड नंबर दो में छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित हो रही एक नकली आयुर्वेदिक दवा फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इस दौरान भारी मात्रा में तैयार दवाइयां, कच्चा माल, एलोपैथिक दवाएं और निर्माण उपकरण बरामद किए गए हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपी के पास से हिरण के सींग और एक अवैध पिस्तौल भी मिली है। प्रशासन ने फैक्ट्री संचालक को हिरासत में लेकर गोदाम सील कर दिया है।कार्रवाई को अंजाम देने के लिए एसडीएम ऋचा सिंह ने फिल्मी अंदाज में जाल बिछाया। वे खुद शुगर की मरीज बनकर 'प्रीत फूड प्रोडक्ट्स' नामक फैक्ट्री पहुंचीं। वहां संचालक स्वरूप सिंह ने उनकी नाड़ी देखी और 1300 रुपये में 100 ग्राम दवा का पैकेट थमा दिया। जैसे ही दवा का सौदा हुआ, एसडीएम ने बाहर तैनात टीम को संकेत दे दिया और टीम ने मौके पर धावा बोल दिया। जांच में सामने आया कि आरोपी पेड़ों की छाल को पीसकर उसमें शुगर और विटामिन की एलोपैथिक दवाएं मिलाकर उसे आयुर्वेदिक बताकर बेचता था। मौके से 60,000 से अधिक तैयार पैकेट और भारी मात्रा में खाली डिब्बे बरामद हुए हैं। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी पीलीभीत का निवासी है और पिछले तीन साल से यह गोरखधंधा चला रहा था। वह ऑनलाइन माध्यम से अपनी दवाएं राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और पश्चिम बंगाल समेत विदेशों तक सप्लाई करता था। इस अवैध धंधे के जरिए आरोपी ने शहर में करोड़ों की संपत्ति, लग्जरी मकान और दुकानें खड़ी कर ली हैं।जिला औषधि निरीक्षक और वन विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।









# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सड़क दुर्घटनाओं के कारण

इसमें दोराय नहीं कि देश के विकास के लिए बुनियादी ढांचे का विस्तार बेहद जरूरी होता है। आम लोगों के लिए जीवनरेखा मानी जाने वाली सड़कों का निर्माण भी इसी श्रेणी में आता है। देश में पिछले कुछ वर्षों में नई सड़कें बनाने की गति निश्चित रूप से तेज हुई है, लेकिन इसके साथ ही हादसों का सिलसिला भी बदस्तूर जारी है। विशेषकर उच्च तकनीक की मदद से तैयार किए जा रहे एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग चमकदार एवं सुविधाजनक जरूर दिखते हैं, मगर ये सुरक्षित सफर की कसौटी पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं।देश में सड़कों की कुल लंबाई का केवल दो फीसदी राष्ट्रीय राजमार्ग है, लेकिन सड़क हादसों में होने वाली मौत की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब तीस फीसदी तक पहुंच गई है। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर गंभीर चिंता जताते हुए केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित प्राधिकरणों को सड़क सुरक्षा मजबूत करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रशासनिक सुस्ती या बुनियादी ढांचे की कमियों के कारण एक्सप्रेस-वे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए।गौरतलब है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के सरकार के दावों के बावजूद इनमें साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें लगभग 1.59 लाख लोगों की मौत हो गई। वर्ष 2020 के कोरोनाकाल में पूर्णबंदी के कारण सड़क हादसों में कुछ कमी आई, लेकिन उसके बाद वर्ष 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुईं। यानी पांच वर्षों में 21 लाख से ज्यादा सड़क हादसों में करीब आठ लाख लोगों की मौत हो गई।यह आंकड़ा वास्तव में चिंताजनक है, लेकिन इसमें कमी लाने के प्रयास सरकारी कागजों से बाहर निकलकर धरातल पर प्रभावी रूप से अमल में आते नजर नहीं आ रहे हैं। सड़कों पर जिन खतरों को टाला जा सकता है, अगर उनकी वजह से लोगों की जान जाती है, तो यह स्पष्ट रूप से नागरिकों की सुरक्षा में व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। हाल के दिनों में यह देखा गया है कि सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करना दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर भोजनालयों की बढ़ती संख्या भी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है, जहां वाहनों को सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़ा कर दिया जाता है। संबंधित महकमे की ओर से ऐसे भोजनालयों को जोखिम का आकलन किए बिना ही अनुमति दे दी जाती है। इसी के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय ने अपने दिशा-निर्देशों में कहा है कि संबंधित प्राधिकरण और नियामकीय एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्धारित स्थलों को छोड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों को कहीं भी खड़ा या रोका नहीं जाएगा। नियमानुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात पुलिस की नियमित गश्त का प्रावधान है, लेकिन इसमें भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही साफ दिखती आती है। इसके अलावा, राजमार्गों पर वाहनों की तेज गति, सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामी और संकेतकों का अभाव एवं अस्पष्टता भी दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इन व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली का इस्तेमाल भी कम ही नजर आता है। मगर अब शीर्ष अदालत के निर्देशों से उम्मीद जगी है कि देश भर में यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और सड़क हादसों में भी कमी आएगी।

# डेबिट कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार



देहरादून। प्रेमनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने डेबिट कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। झाझरा चौकी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 66 कार्ड, तीन मोबाइल फोन और एक कार बरामद की है।पुलिस के अनुसार, 20 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम क्षेत्र में जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सेलाकुई की ओर से एक सफेद कार में कुछ लोग डेबिट कार्ड बदलकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर कार (UP 14 FH 7340) को रोक लिया। गाड़ी में सवार तीनों व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनके पास अलग-अलग बैंकों के कुल 66 एटीएम कार्ड बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इमरान अली (गाजियाबाद), नसीरुद्दीन (दिल्ली) और मोहम्मद खालिद (गाजियाबाद) के रूप में हुई है।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे एटीएम बूथों पर जाकर बुजुर्ग और अनजान लोगों को निशाना बनाते थे। मदद के बहाने उनका कार्ड बदल लेते और पिन जानकर खातों से पैसे निकाल लेते थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बरामद सामान को सील कर लिया गया है और आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। प्रेमनगर थाना प्रभारी नरेश राठौर ने बताया कि पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने किन-किन क्षेत्रों में इस तरह की वारदात को अंजाम दिया है और इनके नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है।

# 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख, मुआवजे की मांग

## ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप



रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के करनपुर क्षेत्र में आग लगने से किसानों की करीब 12 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने इस हादसे के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। करनपुर गांव में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब खेतों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन में जम्फर फटने से निकली चिंगारी ने गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी फसल जलकर खाक हो गई। पीड़ित किसान किशन कुमार का कहना है कि एक दिन पहले ही बिजली विभाग को पोल में शॉर्ट सर्किट की समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन किसी भी अधिकारी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। आग लगते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए और पानी की बाल्टियों व ट्रैक्टर चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद न तो अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचा और न ही जल संस्थान ने पानी का टैंकर उपलब्ध कराया। पीड़ित किसान किशन शर्मा और धर्मवीर शर्मा ने बताया कि इस अग्निकांड से उनका साल भर का निवाला छिन गया है। उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजे की गुहार लगाई है। काफी देर बाद पहुंचे पटवारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रभावितों को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

# पंतनगर विश्वविद्यालय के छात्र ने संसद में किया उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व



पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के छात्र प्रणव सिसोदिया ने इतिहास रचते हुए संसद भवन में आयोजित प्राइड प्रोग्राम पहल के अंतर्गत युवा संसद कार्यक्रम में डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके विचारों एवं योगदान पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया।विश्वविद्यालय साहित्यिक समिति के स्टाफ काउंसलर डा. अमित केसरवानी ने बताया इस कार्यक्रम में देशभर से आए चुनिंदा अति मेधावी छात्रों एवं युवाओं ने डा. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए उनके जीवन, योगदान तथा सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। हमें खुशी है पंतनगर छात्र को एक बार फिर ये गौरवपूर्ण पल हासिल हुआ। इस मौके पर माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को संसद की कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी गई। प्रणव सिसोदिया ने इस अवसर को महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने अधिष्ठाता छात्र कल्याण, कुलपति और स्टाफ काउंसलर डा. अमित केसरवानी के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया तथा अपने माता-पिता के सहयोग और प्रोत्साहन के प्रति कृतज्ञता जताई। विश्वविद्यालय ने इसे गर्व का विषय बताते हुए कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय लगातार छात्रों को राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों द्वारा डा. आंबेडकर के आदर्शों को अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# यात्रा पर आई इंदौर की महिला यात्री की मौत

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के बड़कोट में यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आई महिला श्रद्धालु की देर रात जानकीचट्टी के पास मौत हो गई। यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान यह दूसरी मौत हुई है। जानकीचट्टी स्वास्थ्य केंद्र डाक्टर हरदेव सिंह पंवार के अनुसार, देर रात इंदौर मध्यप्रदेश की 40 वर्षीय प्रतिभा मिश्रा को अचेतन अवस्था में अस्पताल लाया गया था, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस को सूचना देकर अगली कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले, जानकीचट्टी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को करीब पौने चार बजे एक नेपाली मजदूर द्वारा एक व्यक्ति को मृत अवस्था में जानकीचट्टी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। चिकिसकों ने उसकी सूचना पुलिस को दी और शव को पुलिस से सुपुर्द किया गया। मृतक व्यक्ति की पहचान उदय गजानन तांबे (65) निवासी नासिक, महाराष्ट्र के रूप में हुई है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# नन्हे बच्चों के लिए फेयरवेल समारोह आयोजित



पंतनगर। नर्सरी स्कूल प्रयोगशाला के अंतर्गत 18 अप्रैल 2026 को सत्र 2025-26 के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक भावपूर्ण फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।समारोह की शुरुआत डा. अदिति वत्स , विभाग अध्यक्ष, एच.डी.एफ.एस. विभाग द्वारा विशेष अतिथि डा. अल्का गोयल को पुष्पगुच्छ भेंट कर की गई। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी, जिनमें नृत्य एवं कविता शामिल थी। नन्हें बच्चों की मासूम अदाओं ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की उपलब्धियों को भी सराहा गया। नन्हे बच्चों, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ के लिए अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा उपहार की व्यवस्था की गई थी। अभिभावकों ने भी स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि स्कूल ने उनके बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर बच्चों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में विशेष अतिथि द्वारा अभिभावकों को उनके बच्चों के लिए कुछ नए सुझाव, शुभकामनाएँ और उज्ज्वल भविष्य की कामना दी गई।


## कार्यालय जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर

पत्रांक : 141/निर्माण-जि.पं.ऊ.सिं.न./2026-27 दिनांक : 20.04.2026

### ई-निविदा विज्ञप्ति

जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर में निर्माण कार्यों के लिए इस कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से जिलाधिकारी कार्यालय, से प्राप्त मा0 मुख्य मंत्री घोषणा मद के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली-2017 के प्राविधानों के अन्तर्गत द्वि-बिड प्रणाली के द्वारा ई-निविदा निम्नानुसार आमन्त्रित की जाती है।

1. निविदा भरने की अन्तिम तिथि :- दिनॉक 12.05.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे तक।
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि :- दिनॉक 13.05.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक।
7. वित्तीय निविदा को खोलने की तिथि :- तकनीकी निविदा पूर्ण होने के उपरान्त।
8. निविदा की शर्तें एवं निविदा प्रपत्र वेब साईट https://uktenders.gov.in पर अपलोड किये जाने हेतु दिनॉक 23.04.2026 से दिनॉक 12.05.2026 तक सायं 5:00 बजे तक उपलब्ध होगी।


कार्यों का विवरण निम्नवत् है।

| क.स. | कार्य का नाम | स्वीकृति राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड खटीमा में खटीमा सितारगंज मोटर मार्ग से नागरिक चिकित्सालय तक सी0सी0 मार्ग का विस्तारिकरण तथा स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य | 49.51 | 99,020.00 | 5000+ जी0एस0टी0 | 180 दिन |
| 2 | विकास खण्ड खटीमा में लोहियाहेड रोड से थापा जी के घर तक सड़क निर्माण कार्य | 63.87 | 1,27,740.00 | 5000+ जी0एस0टी0 | 180 दिन |
| 3 | विकास खण्ड बाजपुर में शिवपुरी मजदूर बस्ती में सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | 57.96 | 1,15,920.00 | 5000+ जी0एस0टी0 | 180 दिन |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर

# बादहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विधायक तिवारी ने उठाये सवाल

अल्मोड़ा। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली 108 एंबुलेंस सेवा की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने



गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिस सेवा पर आम जनता की जिंदगी निर्भर करती है, वही आज लापरवाही और अव्यवस्था की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। विधायक के कहा कि कई बार आपात स्थिति में 108 समय पर नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी' का सामना करना पड़ता है। कहीं एंबुलेंस के टायर खराब हैं तो कहीं ईंधन की कमी के चलते वाहन खड़े हैं, जो पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और स्वास्थ्य विभाग को इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सीधे-सीधे जनता के जीवन से जुड़ा मामला है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त' नहीं की जा सकती।इसी क्रम में विधायक मनोज तिवारी ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि अल्मोड़ा जैसे बड़े जिले में आज तक जरूरी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की भारी कमी' बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के किसी भी सरकारी चिकित्सालय, यहां तक कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में भी नेफ्रोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट और न्यूरो सर्जन जैसे अहम विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं हैं, जिससे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को मजबूरन हल्द्वानी या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। विधायक ने कहा कि यह स्थिति न केवल चिंताजनक है बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सरकार की उदासीनता को भी दर्शाती है, और अब तक इन पदों को भरने के लिए कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहा है, जो सीधे तौर पर आम जनता के जीवन से खिलवाड़ के समान है।इस मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा की बदहाली, सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी और अस्पतालों में टेक्निकल स्टाफ की भारी कमी जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों को वे पहले ही विधानसभा सत्र में प्रमुखता' से उठा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद जमीनी स्तर पर हालात में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के जीवन से सीधे जुड़े इन बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी लगातार जारी है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक ने आरोप लगाया कि सरकार इन गंभीर मुद्दों पर केवल आश्वासन तक सीमित है, जबकि आम लोगों को आज भी समय पर एम्बुलेंस, विशेषज्ञ डॉक्टर और पर्याप्त स्टाफ की सुविधा' नहीं मिल पा रही है, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कमजोर पड़ता जा रहा है।इस संदर्भ में विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान उनके कार्यकाल में जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार प्रयास कर अल्मोड़ा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना करवाई गई थी, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी थी। हालांकि उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 के बाद से ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान सरकार इस मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और इसे बेहतर ढंग से विकसित करने के मुद्दे पर मूकदर्शक बनी हुई है। विधायक ने कहा कि जिस संस्थान को क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बनना चाहिए था, वह आज संसाधनों और विशेषज्ञों की कमी से जूझ रहा है, जो सरकार की प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा जनपद की इन स्वास्थ समस्याओं को वे दर्जनों बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ सचिव के संज्ञान में पत्रों द्वारा, दूरभाष द्वारा एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी ला चुके हैं लेकिन अब तक जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जस की तस है।विधायक मनोज तिवारी ने कड़े शब्दों में कहा कि यदि सरकार अब भी स्वास्थ्य जैसे बेहद संवेदनशील मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखाती है, तो उन्हें अंतिम विकल्प के रूप में जनहित में जनता को साथ लेकर व्यापक जनांदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य' होना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति या दल की नहीं, बल्कि आम जनता के जीवन और उनके अधिकारों की है और जरूरत पड़ने पर इस मुद्दे को सड़क से लेकर विधानसभा तक मजबूती से उठाया जाएगा।

## पेज एक का शेष...

**ट्रक में जा घुसी कार...** की टीम ने कटर की मदद से वाहन को काटकर कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला और सिविल पुलिस के सुपुर्द किया। कार में सवार अन्य सात घायलों को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। गनीमत रही कि अन्य घायलों को सामान्य चोटें आई हैं। एक अन्य दुखद घटना उत्तरकाशी के मोरी क्षेत्र से सामने आई है। सोमवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि जखोल से आगे सिरगा मोटर मार्ग पर एक व्यक्ति अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया है। मुख्य आरक्षी सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम ने रात के अंधेरे और दुर्गम परिस्थितियों में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। बताया जा रहा है कि पैदल चलते समय पांव फिसलने के कारण व्यक्ति लगभग 250 मीटर गहरी खाई में जा गिरा था, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। एसडीआरएफ की टीम ने बेहद कठिन परिस्थितियों में खाई में उतरकर शव को बरामद किया और स्ट्रेचर के माध्यम से रोड हेड तक लेकर आई। मृतक की पहचान 41 वर्षीय खेम चंद, निवासी हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

**मंत्री पद मिलने के बाद...** खराब बताई जा रही है कि उन्हें पूरी तरह से रहने योग्य बनाने में अभी और समय लग सकता है। कुल मिलाकर एक महीने से बिना सरकारी आवास के काम कर रहे मंत्रियों के लिए यह स्थिति खासी असहज मानी जा रही है। खासकर तब, जब वे अपने-अपने विभागों में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं और जनता से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले ले रहे हैं। ऐसे में आवास जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव प्रशासनिक तैयारियों पर कई गंभीर सवाल खड़े करता है। बड़ा सवाल तो यह है कि जब मंत्रिमंडल विस्तार पहले से तय था, तो आवासों की मरम्मत और तैयारी का काम पहले क्यों नहीं किया गया? आमतौर पर ऐसे वीआईपी आवासों का रखरखाव नियमित रूप से होना चाहिए, चाहे उनमें कोई मंत्री रह रहा हो या नहीं। लेकिन मौजूदा स्थिति यह दर्शाती है कि विभाग ने इस दिशा में पहले से कोई ठोस तैयारी नहीं की थी। मजे की बात तो यह है कि इस मुद्दे पर जब राज्य संपत्ति विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर उनकी प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई, तो उन्होंने इस मसले पर टिप्पणी करने से साफ इनकार कर दिया।

**उद्यमी अनूप अग्रवाल...**को मुरलीवाला स्टोन इन्डीट्रीज लिमिटेड के नाम से बैंक में बंधक भी रखा गया तथा बैंक से 5.25 करोड रूपये का लोन लेकर अपने खातो में हस्तान्तरण कराकर छल कर बदनियती पूर्ण तरीके से हड्प कर लिया। 6 एकड़ भूमि का भुगतान एवं क्रेशर में 36 प्रतिशत की हिस्सेदारी का कोई भी हिस्सा व लेखा जोखा नहीं दिया गया। हक हिस्सा मांगने पर अनूप अग्रवाल व अमोल अग्रवाल द्वारा शिकायतकर्ता को लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। अनूप अग्रवाल पुत्र स्व०श्री केशव शरण अग्रवाल, अमोल अग्रवाल व अभिषेक पुत्रगण अनूप अग्रवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें अनूप अग्रवाल उसके दोनों बेटों तथा पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को लेकर बीते दिवस कोतवाली परिसर में कुंडेश्वरी से दर्जनों की तादाद में आए किसानों ने विधायक चीमा, मेयर दीपक बाली तथा गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। आरोप था कि स्टोन क्रेशर के नाम पर उद्यमी अनूप अग्रवाल तथा उसके परिजनों द्वारा करोड़ों रुपया हड़प किए जाने के बावजूद पीड़ित पक्ष को इंसाफ नहीं मिल रहा है। किसानों का रौद्र रूप देखकर पुलिस के भी पसीने छूट गए। अंततः पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर उद्यमी अनूप अग्रवाल उसके दोनों पुत्रों तथा पत्नी के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिसिया कार्यवाही के बाद लोगों की निगाहें एक बार फिर से गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे की गतिविधियों अथवा बयान बाजी को लेकर टिक गई है। अब देखना यह है कि विधायक अरविंद पांडे कानून के शिकंजे में फंसे अनूप अग्रवाल एवं उसके परिजनों को किस हद तक राहत दे पाते हैं। फिलहाल पिछले काफी समय से अनूप अग्रवाल अरविंद पांडे सुखदेव सिंह नामधारी एवं शासन तथा सत्ता में बैठे लोगों की रस्साकसी को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा बताया जा रहा है।

**भाजपा नेता की कार...**जान से मारने की धमकी दी। इस बीच हर्ष मौका पाकर पास की एक दीवार फांदकर वहां से भाग निकलने में सफल रहे।हर्ष वालिया ने हमलावरों में हार्दिक शर्मा, अभिषेक वर्मा, अभिनव काकरान और चेतन्य शर्मा सहित तीन अन्य अज्ञात लोगों के शामिल होने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक कार को कब्जे में ले लिया है। पटेल नगर थाना प्रभारी विनोद गुसाई ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

**किसानों की समस्याओं को लेकर...**करते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का भाजपा का चुनावी दावा पूरी तरह हवा-हवाई साबित हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही किसानों के हित में ठोस निर्णय नहीं लिए और मांगें पूरी नहीं कीं, तो पूरे प्रदेश में एक बड़ा और व्यापक किसान आंदोलन खड़ा किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की कमर टूट चुकी है, लेकिन सरकार मुआवजा देने के बजाय केवल कागजी खानापूर्ति में व्यस्त है। ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनके हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ज्ञापन में उल्लेखित सभी सात बिंदुओं पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने मांग की कि विगत माह हुई भारी वर्षा और आंधी के कारण गिरी गेहूं की फसल से हुए आर्थिक नुकसान का तत्काल मुआवजा दिया जाए और वर्ष 2026 की गन्ने की शेष धनराशि का भुगतान अविलंब किया जाए। साथ ही ओलावृष्टि से प्रभावित पहाड़ी क्षेत्रों के काश्तकारों को राहत देने, गेहूं और धान की सरकारी खरीद पर समर्थन मूल्य से 100 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस देने तथा ट्यूबवेल के बिजली बिल पूरी तरह माफ करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सरकारी खरीद केंद्रों पर प्रति केंद्र केवल 5000 क्विंटल का आवंटन नाकाफी है, जिसे तत्काल बढ़ाया जाना चाहिए ताकि किसानों का पूरा गेहूं तुल सके। इसके अलावा बाजपुर क्षेत्र के अंतर्गत लंबित 20 गांवों के भूमि प्रकरण के स्थायी समाधान की मांग भी की गई। प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने वालों में किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हरजिंदर सिंह लाडी, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कांग्रेस नेता पुष्कर राज जैन, ग्राम प्रधान कावल सिंह, अशोक राय, त्रिनाथ विश्वास, संदीप चीमा, सुनील चुग, सुखदेव हालदार, निशांत शाही, राजवीर सिंह, लखबीर सिंह, पाला सिंह, कुलदीप सिंह, जगदीप सिंह, अर्जुन विश्वास, अशोक यादव, रमन विश्वास, प्रेम सिंह, केशव कोली, शिवकुमार शिबू, विशाल कोली, संजीव नदी, अशोक, आकाश चौहान, मनोज मंडल, बलकार सिंह, मनोज, मोहित चौहान, सुशांत सरकार, प्रकाश सरकार, कल्याण विश्वास, जसवीर सिंह, गुरमीत सिंह, सुक्खा भुसरी, गुरबाज सिंह विर्क, हरपाल सिंह विर्क, गोल्डी, हरप्रीत सिंह विर्क, हरजिंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, मनीष, नवदीप सिंह कंग, हामिद अली, नूर अहमद, सतनाम सिंह, राजू छीना, हरदेव सिंह हैरी, मोहम्मद जुबेर, शाहरुख हुसैन, हरपाल छीना, हैप्पी, हरभजन सिंह, संजय ठुकराल, विकास बंसल, संजय सैनी, हरभजन सिंह, ओमपाल सिंह, सुबोध बाछाड़, राजेंद्र सिंह, अतुल सिंह, सुखदेव हालदार, अमृत विश्वास, आरिफ गाजी, राजू गुप्ता, रमेश कोली, हरमीत सिंह चावला, आशीष चांदना, सनी जोहरी, निशांत शाही, सोनू, विपिन राजपूत, चेतन जोहरी, सतनाम सिंह, अमित मंडल, फिर्दोष, कुलदीप बाजवा, इकबाल बाजवा, संदीप संधू, लाडी चीमा, अरुण तनेजा, निशान सिंह, विकास गोयल, भगवंत सिंह, हाजी अमीर अहमद, ज्ञानपाल सिंह, राहुल, मोहम्मद फुरकान, पवन शर्मा, परमजीत सिंह हांडा, पंकज शर्मा, प्रवेश शेख, अनवर अली, संजीव कुंबा और संजीव कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**चोरीकी तीन बाइकों...**दिव्यांशु आर्या पुत्र नन्द किशोर निवासी किशनपुर छोई, रामनगर, विमल कुमार पुत्र दिनेश चन्द्र निवासी छोई, रामनगर व योगेश कुमार पुत्र प्रकाश चन्द्र निवासी छोई, रामनगर बताया। वहीं हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने दो वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा कर 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार कर लिए। 18 अप्रैल को थाना हल्द्वानी में दो अलग-अलग वाहन चोरी की घटनाओं के संबंध में प्राप्त शिकायतों के आधार पर मुकदमे दर्ज किए गए।विजय मेहता प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गई।टीम द्वारा मंडी बाईपास जंगल क्षेत्र से 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की दो मोटरसाइकिलें यूके 04एच 0948 व यूके 04जेड 8184 बरामद की गईं। गिरफ्तार बाईक चोरों ने अपना नाम पता योगेश कार्की उर्फ आयुष पुत्र देवेन्द्र सिंह कार्की निवासी पश्चिमी खेड़ा, गौलापार, काठगोदाम व विनय राणा पुत्र भुवन सिंह राणा निवासी देवखेड़ा, बनभूलपुरा बताया। इधर चोरगलिया पुलिस द्वारा एक वारण्टी गुलाम रसूल उर्फ निक्का को गिरफ्तार किया गया। जबकि लालकुआं पुलिस द्वारा 2 वारण्टी अभियुक्तों राजा परिहार व कमल सिंह धरियाल को गिरफ्तार किया गया है।

**अमेरिका भेजने के ...**के अनुसार, आरोपी ने मेडिकल, बायोमैट्रिक, वीजा और अन्य प्रक्रियाओं के नाम पर उनसे कुल 14,40,500 रुपये ठग लिए। इसके बाद 5 जून 2025 को उनके पुत्र को दिल्ली बुलाया गया और 11 जून 2025 को मुंबई के रास्ते रूस भेज दिया गया। वहां से अमेरिका भेजने के बजाय उसे पोलैंड पहुंचा दिया गया, जहां उसे बिना नौकरी और रहने की व्यवस्था के बेसहारा छोड़ दिया गया। पीड़ित ने बताया कि उनका पुत्र कई दिनों तक वहां भूखा-प्यासा भटकता रहा और इस दौरान परिवार का उससे संपर्क भी नहीं हो पाया। जब आरोपी से संपर्क किया गया तो उसने बेटे से बात कराने के बदले 10 लाख रुपये की और मांग कर दी। किसी तरह लवप्रीत सिंह वापस घर लौटा और उसने पूरी आपबीती सुनाई। जब सुरेन्द्र सिंह ने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे तो उसने गाली-गलौज करते हुए रकम लौटाने से साफ इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित किसान ने बताया कि उसने अपने बेटे को विदेश भेजने के लिए अपनी खेती की जमीन गिरवी रखकर यह रकम जुटाई थी, जिसे आरोपी ने धोखाधड़ी कर हड़प लिये। थाना पुलिस ने डीआईजी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**बहन की शादी...**तहरीर में ग्राम रसोईयापुर निवासी सुखदेव सिंह पुत्र करनैल सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 में अमरजीत सिंह राणा निवासी नौगांवा थाना खटीमा उनके पास आया था। आरोपी ने विश्वास में लेकर कहा कि उसे अपनी बहन की शादी के लिए पैसों की सख्त जरूरत है। उसने भरोसा दिलाया कि वह उधारी के पैसे मेहनत मजदूरी और कृषि कार्य करके चुका देगा। आरोपी के झांसे में आकर किसान ने उसे ढाई लाख रुपए नगद दे दिए और इसका एक इकरारनामा भी तैयार करवाया।पैसे लेने के बाद आरोपी न तो काम पर आया और न ही उसने कोई संपर्क किया। पीड़ित सुखदेव सिंह के अनुसार उन्हें बाद में पता चला कि आरोपी ने क्षेत्र के अन्य लोगों से भी ठगी की है। आरोप है कि उसने गांव के हरजीत सिंह से दो लाख, मलपुरी निवासी जस्सा सिंह से 45 हजार और खटीमा निवासी दीपक रैना से तीन लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। 20 अप्रैल की रात आरोपी अमरजीत सिंह ठगी के इरादे से सितारगंज के एक दुकानदार के पास आया हुआ था। इसकी सूचना मिलते ही सुखदेव सिंह ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस ने सुखदेव सिंह की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## रपट दर्ज कराने को कांग्रेसजनों का कोतवाली में प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नाम से एआई का दुरूपयोग कर फर्जी एकांउट बनाकर बंगाली समाज के प्रति भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ रपट दर्ज कराने की मांग को लेकर आज कांग्रेस पार्षद संघ के अध्यक्ष गौरव खुराना के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसजनों ने कोतवाली में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता संजय जुनेजा ने कहा कि 19 अप्रैल को विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गौरव खुराना की ओर से दोषी व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर रपट दर्ज करने की मांग की थी। परंतु अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया। उनका आरोप था कि कोतवाली में उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। जुनेजा ने कहा कि भाजपा के पास जनता के बीच जानें का



कोई मुद्दा नहीं है इसलिए वह एआई का दुरूपयोग कर जनता में आपस फूट डालने का काम करने में लगी है। कार्यकर्ता नारेबाजी करते सीओ कार्यालय पहुंचे जहां सीओ प्रशांत कुमार का घेराव किया गया। उनसे हुई वार्ता में पुलिस ने इस मामले में पांच दिन का समय मांगा। जुनेजा ने बताया कि सीओ ने आश्वासन दिया कि इस बीच मामले की जांच कर दोषी का पता लगाने का प्रयास किया जायेगा। जुनेजा ने कहा कि यदि मामले की रपट दर्ज कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आन्दोलन तेज कर दिया जायेगा। इस दौरान पार्षद गौरव खुराना, मोहन खेड़ा, परिमल राय, बाबू खान, इन्द्रजीत सिंह, राजू कोली, विकास मल्लिक, खगोपति विश्वास, परवेज कुरैशी, जितेश शर्मा, सौरव राज बेहड़, रिजवान अहमद, अशफाक, मोनिका ढ़ाली, विकास विश्वास, शुभम दास, अर्जुन विश्वास, रणजीत तिवारी, दिनेश पंत आदि मौजूद थे।






संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा

## महानगर अध्यक्ष ममता रानी और पूर्व विधायक ठुकराल ने लगाया झूठा नेरेटिव फैलाने का आरोप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को महिला विरोधी बताए जाने के दावों को कांग्रेस ने सिरे से खारिज करते हुए इसे भाजपा का एक दुर्भावनापूर्ण और झूठ पर आधारित नैरेटिव करार दिया है। सिटी क्लब में आयोजित एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भाजपा पर तीखा प्रहार किया। पत्रकार वार्ता में महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर देश की जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल संसद में सर्वसम्मति से पास हो गया था, तो भाजपा सरकार ने इसे अब तक लागू क्यों नहीं किया? यह भाजपा की कथनी और करनी के अंतर को स्पष्ट करता है। ममता रानी ने आरोप लगाते हुए कहा कि संवैधानिक 131वां संशोधन बिल दरअसल महिला आरक्षण की आड़ में संसद और विधानसभा की सीटों को बढ़ाने की एक सोची-समझी साजिश थी। उन्होंने कहा, भाजपा इस बिल को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर अपना राजनीतिक एजेंडा साधने की कोशिश कर रही थी, जो लोकसभा में पारित नहीं हो पाया क्योंकि इससे उनकी नीयत बेनकाब हो गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस परिसीमन के माध्यम से सीटें बढ़ाने का कड़ा



विरोध करती है, क्योंकि इससे उत्तराखंड जैसे छोटे राज्यों को भारी नुकसान होगा और देश का संघीय ढांचा बिगड़ जाएगा। कांग्रेस की मांग है कि मौजूदा सीटों के आधार पर ही महिला आरक्षण तत्काल लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिकाओं से लेकर संसद तक महिलाओं को अग्रिम पंक्ति में लाने का श्रेय केवल कांग्रेस को जाता है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भाजपा पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सदैव झूठ की राजनीति करती है और जनता के बीच केवल भ्रम फैलाने का काम करती है। उन्होंने कहा आज भाजपा अपने सिद्धांतों से पूरी तरह भटक चुकी है और केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए जनता को छल रही है। ठुकराल ने कहा कि महिला आरक्षण बिल के जरिए भाजपा अपनी राजनीति चमकाना चाहती थी, लेकिन विपक्ष ने उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस को महिला विरोधी बताकर एक झूठा अभियान चला रही है, लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस ही महिलाओं और देश की जनता की सच्ची हितैषी है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश की महिलाएं भाजपा के इस दोहरे चरित्र को समझ चुकी हैं और आने वाले समय में इसका कड़ा जवाब देंगी। इस दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ममता रानी और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ संदीप चीमा, त्रिनाथ विश्वास, मोनिका ढाली, उमा सरकार, सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, सुनील चुग, अर्जुन विश्वास, नरेश सागर, प्रकाश सरकार, राम विलास शाह, विकास बंसल, संजय ठुकराल सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी केंद्र से घर लौटती मासूम को बस ने रौंदा, रोषित लोगों ने किया पथराव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सोमवार की दोपहर रानीबाग क्षेत्र में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने आंगनबाड़ी केंद्र से अपने भाई पांच वर्षीय विशाल के साथ सड़क पार कर घर लौट रही विशाल सड़क पार कर गया परंतु सड़क पार करते चार वर्षीय मासूम बच्ची कनक को बस चालक ने टक्कर मार रौंद दिया। कुछ दूरी तक बस के नीचे घिसटने के बाद बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त हो गया और उन्होंने सड़क पर



जाम लगाकर बस पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने बस चालक को सुरक्षित अपनी हिरासत में लेकर बस को कब्जे में लिया। साथ ही मृतक मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। बताया जाता है कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे रानीबाग क्षेत्र में नैनीताल से आ रही रोडवेज बस तेज गति से गुजर रही थी। उसी दौरान नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र से घर लौट रही चार साल की बच्ची कनक सड़क पार कर रही थी। बस ने बच्ची को सीधे टक्कर मार दी। गंभीर चोटों के कारण बच्ची मौके पर ही अपनी जान गंवा बैठी।मृतका कनक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले की निवासी थी। उसके पिता जीवन लाल रानीबाग क्षेत्र में मजदूरी करते हैं। परिवार यहां काम की तलाश में रह रहा था। बताया जाता है कि कनक की मां रामकुमारी दोपहर करीब 12 बजे बेटी को आंगनबाड़ी केंद्र से घर लेने आई थीं। जब कनक सड़क पार कर रही थी तभी रोडवेज बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे कनक बस के नीचे आके कुचल गई। अपने सामने लाडली बेटी को बस के नीचे आते देख मां रामकुमारी सदमे में आ गई। वही आस पास मौजूद लोगों में रोष भड़क गया और उन्होंने सड़क पर जाम लगाकर बस पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही चालक को दबोचकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसी तरह गुस्साए लोगों को शांत किया और स्थिति को नियंत्रित किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से ठेली स्वामी की मौत


कालाढूंगी (उद संवाददाता)। रामनगर रोड में नयागांव वन विभाग के चौक पोस्ट के समीप सड़क किनारे ठेला लगाने वाले दुकानदार युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया वहीं उसके ठेले के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजन चिकित्सालय आ गए और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को




पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद कार सवार वहां छोड़ मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बरहैनी (जबरान) निवासी पंजा सिंह का 18 वर्षीय बेटा अभिषेक सिंह नया गांव वन विभाग के चौक पोस्ट के समीप बेल के जूस का ठेला लगाता था। सोमवार को भी वह ठेले पर ग्राहक का इंतजार कर रहा था। तभी दोपहर करीब पौने दो बजे कालाढूंगी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने सामने चल रही दूसरी कार को ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ठेले में जा घुसी। ठेले के परखच्चे उड़ाते हुए कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में ठेले पर खड़े अभिषेक को गंभीर चोट आई। राहगीरों ने उसे सीएचसी कालाढूंगी पहुंचाया। लेकिन यहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। एसएसआई पंकज जोशी ने बताया कि शव को पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। कार को कब्जे में लेकर फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

# अल्मोड़ा के स्पा सेंटरों में छापेमारी, दो पर कार्रवाई

अल्मोड़ा। जिले भर में पुलिस का ऑपरेशन प्रहार के तहत चेकिंग अभियान जारी है। सोमवार को अल्मोड़ा पुलिस ने नगर के स्पा सेंटर, होटल, रेस्टोरेंट, सराय और आश्रमों में छापेमारी की। इस दौरान दो स्पा सेंटरों में गंभीर लापरवाही पाई गई। पुलिस ने दोनों स्पा सेंटरों के चालान काट दिए। पुलिस को शिकायत मिली थी कि इन संस्थानों में नियम विरुद्ध गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस पर एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने टीम को छापेमारी करने के निर्देश दिए। सीओ बलवंत सिंह रावत की देखरेख में महिला थाना प्रभारी जानकी भण्डारी, एसएसआई रमेश बोरा, एसआई बीना दोसाद ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी की। इस दौरान



सेवन हेवन स्पा और ब्लू स्काई रिलेक्स स्पा में गंभीर अनियमितताएं मिली। स्पा सेंटर में ना तो रजिस्टर मेंटेन था और ना ही ग्राहकों के पहचान पत्र लिए गए थे। इसके अलावा कर्मचारियों के सत्यापन भी नहीं कराए गए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों सेंटरों का पांच-पांच हजार रुपये का चालान काट दिया। इसके अलावा अन्य स्पा सेंटर संचालकों को सख्त हिदायत दी कि नियमों के खिलाफ गतिविधियां मिलीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।




# प्रतिष्ठित व्यवसायी के घर से लाखों के जेवरात और नगदी चोरी, खुलासे के लिए स्पेशल टीम गठित

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली आवास विकास कॉलोनी में चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में अज्ञात चोरों ने घर पर धावा बोलकर लाखों के सोने चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह घटना उस समय हुई जब गृह स्वामी एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गए थे।पीड़ित व्यवसायी राजेंद्र गोयल के अनुसार, वह 18 तारीख को सपरिवार बाहर गए हुए थे और घर पूरी तरह लॉक था। राजेंद्र गोयल ने बताया कि घटना वाली रात 1:00 बजे तक सीसीटीवी फुटेज में सब सामान्य दिख रहा था, लेकिन इसके बाद व्यस्तता के कारण वह मोबाइल पर लोकेशन नहीं देख पाए। जब वह घर वापस लौटे और गेट खोलकर अंदर गए, तो कमरों के ताले टूटे हुए थे और अलमारियों से नगदी व जेवरात गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही किच्छा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और उच्चाधिकारियों को सूचित किया।मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी, एसपी क्राइम उत्तम सिंह नेगी, एसओजी प्रभारी उमेश कुमार और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और साक्ष्य जुटाए। एसपी क्राइम उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया है। इस स्पेशल टीम में 11 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को शामिल किया गया है, जिसमें उप निरीक्षक पंकज कुमार, उप निरीक्षक होशियार सिंह, उप निरीक्षक दीपक कौशिक, उप निरीक्षक धीरज टमटा, उप निरीक्षक सुरेंद्र खड़ायत, कांस्टेबल उमेश रावत, अमित जोशी, प्रेम सिंह कंवल, इमरान अंसारी, अमित देवरानी और दीपक वर्मा शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। एसपी क्राइम ने कहा कि पुलिस टीमों को सक्रिय कर हर आने जाने वाले रास्ते की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस सनसनीखेज चोरी के मामले में पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण कर दिया जाएगा।

